2. आयल इंडिया लिमिटेड (ओ० आई० एल०)

क्रम संख्या	खोजों का नाम	वर्ष	स्थिति	राज्य/क्षेत्र
1.	उत्तरी हपजन	1993-94	तेल	असम
2.	माकुम	1993-94	तेल	असम
3.	दक्षिणी राजगढ़	1993-94	तेल	असम
4.	खेरेम	1993-94	तेल	अरुणाचल प्रदेश
5.	बगी टिब्बा	1994-95	गैस	राजस्थान
6.	भकुनाजन	1994-95	तेल	असम

बिहार को मिट्टी के तेल का आबंटन

8029. **श्री आस मोहम्मद** : क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत दो वर्ष के दौरान बिहार को मिट्टी के तेल की कितनी मात्रा आबंटित की गई है ;

(ख) क्या बिहार के लिए मिट्टी के तेल के कोटे में वृद्धि करने हेतु कोई अनुरोध प्राप्त हुआ है; और

(ग) यदि हां, तो इस पर क्या कार्यवाही की गई है ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के राज्य मंत्री (कैप्टन सतीश शर्मा) : (क) वर्ष 1993-94 तथा 1994-95 के दौरान बिहार को आबंटित मिट्टी के तेल की मात्रा क्रमश: 518590 मी० ट० तथा 558436 मी० ट० है ।

(ख) और (ग) मिट्टी के तेल के अतिरिक्त आबंटन के लिए राज्य सरकारों से समय-समय पर अनुरोध प्राप्त होते हैं । बिहार सरकार से भी अनुरोध प्राप्त हुआ था । तथापि उत्पाद की उपलब्धता में बाधाओं, विदेशी मुद्रा तथा इसमें शामिल भारी राज सहायता को ध्यान में रखते हुए राज्यों की संपूर्ण मांग को पूरा करना संभव नहीं है । बिहार को वर्ष 1995-96 के दौरान 46194 मि० ट० मिट्टी के तेल की अतिरिक्त मात्रा का आबंटन करने का निर्णय लिया गया है जो गत वर्ष पर 8.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है

एल० पी० जी० वितरण प्रणाली को सुदृढ़ करना

8030. **श्री जनेश्वर मिश्र** : क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सरकार ने चालू वित्तीय वर्ष के अन्त तक कितने नये एल.पी.जी. कनेक्शन देने का लक्ष्य रखा है ;

(ख) क्या सरकार ने एल०पी०जी० वितरण प्रणाली को सुदृढ़ बनाने का निर्णय लिया है; और

(ग) यदि हां, तो इस संबंध में तथ्यात्मक ब्यौरा क्या है ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के राज्य मंत्री (कैप्टन सतीश शर्मा) : (क) 1995–96 के दौरान देश के लिए नए एल०पी०जी० उपभोक्ताओं के नामांकन का लक्ष्य 15 लाख निर्धारित किया गया है ।

(ख) और (ग) वर्तमान उत्पादन स्रोतों की क्षमता में वृद्धि करके नए संयंत्रों की स्थापना करके तथा और अधिक आयातों के माध्यम से आपूर्ति में वृद्धि करके एल पी जी की और ज्यादा उपलब्धता के लिए योजनाएं बनाई गई हैं। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कम्पनियों के माध्यम से उपलब्ध एल०पी०जी० के अतिरिक्त, देश में एल०पी०जी० की उपलब्धता में वृद्धि करने के लिए सरकार ने फरवरी, 1993 में निजी एजेंसियों द्वारा एल.पी.जी० के आयात और विक्रय की अनुमति देने का निर्णय लिया है । उद्योग ने भी नए स्थानों पर एल०पी०जी० डिस्ट्रीब्यूटरशिपें खोलने की योजना बनाई है

Condition of catalytic convertors for vehicles

8031. SHRI K. RAHMAN KHAN Will the Minister of PETROLEUM AND NATURAL GAS be pleased to state:

(a) whether it is compulsory to have catalytic convertors in the cars in the Metros sold after the 1st April, 1995;

(b) if so, whether Government have provided enough infrastructure for the smooth availability of unleaded petrol in all petrol bunks in the Metros;

(c) if not, whether it could cause enormous inconvenience to the persons having vehicles with catalytic convertors; and

(d) whether some scientists have critisised the use of catalytic convertors in automobiles; if so, the reasons therefor?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF PETROLEUM AND NATURAL GAS (CAPTAIN SATISH SHARMA): (a) Yes, Sir.

(b) and (c) Unleaded petrol is made available through 154 selected retail outlets in the four metros to meet the requirement of catalytic convertor fitted petrol driven vehicles. Unleaded petrol is also available through 15 retail outlets along the trunk routes emanating from the four metros. This is expected to meet the present requirement of unleaded petrol.

(d) Government is not aware of any criticism of catalytic converter equipped vehicles.

गुजरात के तेल क्षेत्रों में जलाई जाने वाली गैस

8032. **श्री अनन्तराय देवशंकर दवे :** क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गुजरात के विभिन्न तेल क्षेत्रों में प्राकृतिक गैस का प्रतिदिन कितनी मात्रा में उत्पादन किया जा रहा है ;

(ख) इस राज्य में विभिन्न तेल क्षेत्रों में प्रतिदिन कितनी मात्रा में गैस जलाई जा रही है ;

(ग) क्या केन्द्रीय सरकार गुजरात में ऐसी गैस का उपयोग करने का विचार रखती है जो अब तक जलाई जा रही है ;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ; और

(ङ) इस प्रस्ताव को कब तक स्वीकृति दे दी जायेगी ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री (कैप्टन सतीश शर्मा) : (क) और (ख) वर्ष 1994–95 में गुजरात में 6.60 एम.एम०एस०सी०एम० डी० प्राकृतिक गैस का उत्पादन हुआ था जिसमें से 0.76 एम०एम०एस०सी० एम०डी० गैस जलायी गयी थी ।